**दिल्ली मेट्रो ने रचा इतिहास, इस स्टेशन को मिला खास पुरस्कार; राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया सम्मानित**

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के पिंक लाइन के ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के तहत मेट्रो स्टेशनों के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूनिट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन पर ऊर्जा-दक्षता में अनुकरणीय प्रयासों के लिए विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कर-कमलों से डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने देश भर की विभिन्न मेट्रो रेल प्रणालियों से प्राप्त आवेदनों के बहुत व्यापक मूल्यांकन के बाद इस स्टेशन का चयन किया।


बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 62 ● नई दिल्ली ● सोमवार 15 दिसम्बर 2025 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4



रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन
बी-2/370, सुल्तानपुरी
दिल्ली-86


# दिल्ली-एनसीआर में सांसों का आपातकाल

नई दिल्ली ।

राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही। सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 462 दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड 401, मुंडका 486, नजफगढ़ में 411, पंजाबी बाग में 475, रोहिणी 499, विवेक विहार 495, सोनिया विहार 483, आरकेपुरम 472, वजीरपुर में 493 दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, वसुंधरा में 482 एक्यूआई दर्ज किया गया है। संजय नगर में 419 और इंदिरापुरम में एक्यूआई 476 दर्ज किया। नोएडा में भी कई इलाकों में 400 से ज्यादा एक्यूआई पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सेक्टर 125 में 456, सेक्टर 1 इलाके में 488 और सेक्टर 62 इलाके में 432, सेक्टर 116 इलाके में 499 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

**गुरुग्राम में इतना दर्ज किया गया एक्यूआई**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, गुरुग्राम के एनआईएसई ग्वाल पहाड़ी में 406 एक्यूआई दर्ज किया गया है। टेरी ग्राम में 343, विकास सदन में 293 एक्यूआई दर्ज किया गया है।



**फरीदाबाद का एक्यूआई**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, फरीदाबाद के सेक्टर 30 में एक्यूआई 108, न्यू इंडस्ट्रियल टाउन में 183 और सेक्टर 11 में 369 दर्ज किया गया। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शनिवार शाम ग्रेप 4 लागू कर दिया। शनिवार सुबह ग्रेप तीन पाबंदियों की घोषणा की गई थी। इसी के साथ अब दिल्ली में ग्रेप एक दो, तीन और चार की पाबंदियां लागू होंगी। दरअसल, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बहुत तेजी से खराब हो रही है, जिसे देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की समिति ने तत्काल प्रभाव से सबसे सख्त पाबंदियां ग्रेप 4 लागू करने का फैसला किया है। धीमी हवा, स्थिर वातावरण और खराब मौसम की वजह से प्रदूषक हवा में फैल नहीं पाए, जिससे प्रदूषण बढ़ता गया। इसके साथ ही एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रदूषण को और बढ़ने से रोकने के लिए अतिरिक्त निवारक कदम उठाएं। अधिकारियों का कहना है कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। सीएक्यूएम ने लोगों से ग्रेप के सिटीजन चार्टर का पालन करने की अपील की है।

स्टेज-1 और 2 के अलावा अतिरिक्त सलाह में छोटी दूरी के लिए पैदल व साइकिल चलाना, सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, वर्क फ्रॉम होम, कोयला-लकड़ी से गर्माहट न लेना, सुरक्षाकर्मियों को इलेक्ट्रिक हीटर देना और अनावश्यक यात्राएं कम करना शामिल है। फैसले में कहा गया है कि यह चरण 1, 2 और 3 के मौजूदा उपायों के अलावा लागू होगा। एनसीआर के प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वायु गुणवत्ता को आगे बिगड़ने से रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई को तेज करें। नागरिकों से अपील है कि वे ग्रेप के नियमों का पालन करें ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके। दिल्ली की हवा बेहद खराब स्तर पर पहुंचने के बाद सरकार ने स्कूलों को लेकर अहम फैसला लिया है। ग्रैप स्टेज-4 लागू होने के बीच 9वीं कक्षा तक और 11वीं के छात्रों की पढ़ाई अब हाइब्रिड मोड में कराई जाएगी। यानी जहां संभव होगा, वहां बच्चे स्कूल आकर पढ़ सकेंगे और साथ ही ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प भी खुला रहेगा।

वहीं, सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी सरकारी और निजी दफ्तर 50 फीसदी कर्मचारियों के साथ ही चलेंगे। बाकी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वर्क फ्रॉम होम करना होगा। राजधानी की बिगड़ती हवा को देखते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी सरकारी और निजी दफ्तर 50 फीसदी कर्मचारियों के साथ ही चलेंगे। बाकी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वर्क फ्रॉम होम करना होगा। इस आदेश को तत्काल सख्ती से लागू करने का निर्देश है।

## कांग्रेस की वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में जुटी भीड़

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी की वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली के लिए रामलीला मैदान में विभिन्न राज्यों से पार्टी कार्यकर्ता जुटे। सुबह से ही कार्यकर्ता मैदान के अंदर और बाहर बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जिससे अच्छी-खासी भीड़ नजर आ रही है। कार्यकर्ता उत्साह के साथ नारे लगा रहे हैं और रैली स्थल पर मोहब्बत की दुकान नामक चाय की स्टॉल पर नाश्ता कर रहे हैं। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश है, लेकिन मंच अभी लगभग खाली है। सभी की निगाहें बड़े नेताओं के इंतजार पर टिकी हैं। राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित अन्य शीर्ष नेता करीब एक से डेढ़ बजे मैदान पहुंचेंगे और रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली कथित वोट चोरी और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन है। दिल्ली से सभी प्रमुख नेता मौजूद हैं। इसमें पूर्व सांसद अजय माकन, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा व अन्य मौजूद हैं। हरियाणा



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार चोरी के वोटों से बन रही है।

आज देश में लाखों लोग ऐसे, जिनका अता पता ही नहीं क्योंकि उनका वोट ही कट गया। निष्पक्ष चुनाव के लिए हम लोग राहुल गांधी के नेतृत्व में अभियान चलाएंगे। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा- देश को आजादी दिलाने और संविधान बनाने में कांग्रेस की बहुत अहम भूमिका है। लेकिन आज भाजपा ने लोकतंत्र का मजाक बना दिया है। चुनाव आयोग की वोट चोरी से ही भाजपा की सरकार बन रही है। जिस दिन यह चोरी रुक गई, भाजपा की सरकार भी सत्ता से चली जाएगी। तब कांग्रेस की सरकार बनेगी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने की राजनीति की है। लेकिन यह अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी। राहुल गांधी जी बार बार प्रमाण दे रहे कि वोट चोरी हो रही है, मगर चुनाव आयोग ने एक जांच तक नहीं बिठाई। अब हमें सड़कों पर उतरना ही पड़ेगा। आज इस रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में पहुंचकर जो शक्ति प्रदर्शित की है, काबिलेतारीफ है। हमारी लंबी लड़ाई जारी रहेगी। न्याय लेकर रहेंगे। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुक्खू ने कहा कि 77 साल पहले जब लोकतंत्र की स्थापना की गई थी तो जनता को सबसे बड़ी ताकत वोट डालने की दी थी। कांग्रेस ने इस ताकत को हमेशा बचाए रखा। लेकिन भाजपा ने वोट की ताकत को ही कमजोर कर दिया। आज इस महारैली में इतनी बड़ी संख्या में आकर कार्यकर्ताओं ने साबित कर दिया कि इस ताकत को वापस बचाकर रहेंगे। दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि देश में लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। इसके खिलाफ पार्टी के अभियान में पांच करोड़ लोगों ने हस्ताक्षर करके अपना समर्थन दिया है। लोगों ने अब ठान लिया है कि वोट चोरों को सत्ता से हटा कर ही दम लेंगे

## खाना बनाने के दौरान झुग्गी में लगी आग, बेड पर खेल रहे दो मासूम झुलसे, एक की मौत... मचा कोहराम

नई दिल्ली । शाहदरा जिला के विवेक विहार इलाके में शनिवार रात खाना बनाने के दौरान एक झुग्गी में आग लग गई। हादसे में बेड पर खेल रहे दो मासूम आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। मां ने शोर मचाया तो पड़ोसी मदद को भागे। किसी तरह आग बुझाने के बाद मासूम को झुग्गी से बाहर निकाला गया। बाद में मासूम परी (4) और इसके छोटे भाई अंश (1) को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान कुछ ही देर में अंश की मौत हो गई, वहीं परी की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। हादसे के समय मां खाना बनाते समय शौच के लिए गई थी। कुछ देर बाद वापस आई तो उसने देखा कि झुग्गी में आग लगी थी। पुलिस को देर रात जीटीबी अस्पताल से हादसे की सूचना मिली। खबर मिलने के बाद पुलिस ने मासूम का शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शुरुआती जांच के बाद पता चला है कि चूल्हे के पास ही झुग्गी में बेड रखा हुआ था। खाना बनाने के दौरान चादर में आग लगी और हादसा हो गया। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि हादसा शनिवार रात करीब 10.15 बजे ई-80/118, राजीव कैंप, झिलमिल, विवेक विहार में हुआ। यहां अतुल पंडित का परिवार रहता है। इनके परिवार में पत्नी निशा के अलावा बेटी परी और बेटा अंश था। अतुल एक टेंट हाउस का मिनी टैंपो चलाते हैं। शनिवार को अतुल काम से बाहर थे। इनकी पत्नी घर में आलू उबाल रही थीं। इस बीच वह दोनों बच्चों को बेड पर बिठाकर शौचालय चली गईं। करीब 15 मिनट बाद वह वापस आई तो देखा कि उनकी झुग्गी में आग लगी थी। निशा बदहवास हो गई। उसने रोते-रोते शोर मचा दिया। पड़ोसी मदद को भागे। किसी तरह बाल्टियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। बाद में झुलसी हुई हालत में बच्चों को बाहर निकालकर निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया। पुलिस को रात करीब 11.30 बजे जीटीबी अस्पताल से खबर मिली। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची।

## शकरपुर में शादी समारोह में डीजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद, 19 साल के युवक की चाकू से गोदकर हत्या



दिल्ली । पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में डीजे पर डांस करने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की उसके घर के सामने चाकू से वारकर हत्या कर दी गई। मृतक शिनाख्त विशाल (19) के रूप में हुई है। हत्या के बाद दोनों नाबालिग आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने छानबीन के बाद दोनों को दबोच लिया। इनके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि विशाल की एक नाबालिग की बहन से दोस्ती थी। इसको लेकर पहले भी विवाद हुआ था। नाबालिग ने विशाल की पिटाई कर दी थी। मामला थाने भी पहुंचा था। शनिवार रात एक शादी समारोह में दोनों नाबालिग व विशाल डीजे पर डांस कर रहे थे। इस बीच वहां हुए विवाद के बाद वारदात को अंजाम दिया गया। हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एलबीएस मोर्चरी भेज दिया है। शकरपुर थाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि विशाल अपने परिवार के साथ स्कूल ब्लॉक, शकरपुर में रहता था। इसके परिवार में पिता फूलचंद के अलावा मां तीजा, चार बहनें रानी, पूजा, आरती और योति के अलावा एक बड़ा भाई राहुल है। विशाल ऑटो चालक था। इसके पिता छोटा-मोटा निर्माणा का ठेका लेते हैं। विशाल की तीन बहनों की शादी हो चुकी है। शनिवार रात को बड़ी बहन पूजा की सहेली प्रियंका की घर के पास ही शिव मंदिर में शादी थी। रानी, पूजा और योति शादी में गई हुई थीं। देर अधिक होने की वजह से रात करीब 11 बजे विशाल बहनों को शादी समारोह से लेने के लिए शिव मंदिर चला गया। बहनों के कहने पर उसने शादी में पहले खाना खाया, बाद में वह डीजे पर डांस करने लगा। वहां पर दोनों नाबालिग आरोपी भी डांस कर रहे थे। विशाल व दोनों के बीच कहासुनी हुई तो विशाल वहां से आ गया। वह बुरी तरह डरा हुआ था। विशाल ने बहनों को भी सारी बात बताई। उसका कहना था कि नाबालिगों के पास चाकू हैं, वह उसे मारने की धमकी दे रहे हैं। तीनों बहनें विशाल को लेकर घर की ओर जाने लगी। तीनों बहनें घर में दाखिल हो गई इस बीच विशाल घर के बाहर ही अपने एक दोस्त से बातचीत करने लगा। तभी परिजनों ने शोर सुना की विशाल को चाकू मार दिए गए हैं। परिवार विशाल को नजदीकी अस्पताल ले गया, जहां से एलबीएस रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर विशाल को मृत घोषित कर दिया गया। बाद में पुलिस ने हत्या का मामला कर नाबालिगों को दबोच लिया। परिजनों का आरोप है कि है कि नाबालिगों ने दशहरा के आसपास विशाल की पिटाई की थी और उसे मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में विशाल ने थाने में भी शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## मनोज झा बोले- निष्पक्ष चुनाव असली मुद्दा; भाजपा ने किया पलटवार



नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी में कथित वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की विशाल रैली पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज कुमार झा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हम निष्पक्ष चुनाव जैसे असली मुद्दों से ध्यान भटका रहे हैं, जिसमें चुनाव आयोग की सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। बिहार चुनाव के दौरान हुए वित्तीय लेन-देन यह दिखाते हैं कि किसी भी तरह से वोट चुराने की कोशिश की गई। वहीं, कांग्रेस की रैली को लेकर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा, कांग्रेस पार्टी की रैली पूरी तरह विफल होगी। कांग्रेस अपने ही कर्मों का फल भुगत रही है और यह बात वह जानती है। वह ईवीएम, एसआईआर और चुनाव आयोग पर दोष मढ़ना चाहते हैं।

कांग्रेस नेता खुद इन पर सवाल उठा रहे हैं और उनके नेतृत्व पर भी सवाल उठ रहे हैं। इन सवालों को उठने से रोकने के लिए वे यह रैली कर रहे हैं। रैली में भीड़ जुटाने से कुछ नहीं होगा। हुसैन ने कहा, कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि इसी दिल्ली की जनता ने उन्हें शून्य पर ला दिया था और बिहार की जनता ने उन्हें केवल छह सीट दी थीं। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली पर ओडिशा कांग्रेस के प्रभारी अजय कुमार लल्लू ने कहा, जिस तरह देश में लोकतंत्र को बंधक रखा गया है। निश्चित तौर पर देश की यह भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार है। राहुल गांधी ने तमाम रायों में प्रेस वार्ता करके देश, मीडिया, लोगों के सामने प्रत्यक्ष रूप से एक-एक वोटर और बूथ के बारे में जानकारी लाने का काम किया। मैं समझता हूं कि जो आज भाजपा है वो लोकतांत्रिक प्रणाली की व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त करके निश्चित तौर पर तानाशाही के रास्ते पर जाना चाहती है।

**क्या राहुल गांधी दिल्ली की वोट चोरी के विषय में बात करेंगे - सौरभ भारद्वाज**

आम आदमी पार्टी दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कांग्रेस की रैली पर कहा, हमारी तरफ से उन्हें शुभकामनाएं कि वे कोई भी जन जागृति का कार्य देश के अंदर करना चाहते हैं। लेकिन जिस दिल्ली के अंदर कांग्रेस वोट चोरी की शुरूआत कर रही है, इतनी बड़ी रैली कर रही है उसी दिल्ली में आज से एक साल पहले जब वोट चोरी हो रही थी, हमारे बड़े-बड़े नेता वोट चोरी के सबूत दिखा रहे थे तब कांग्रेस पार्टी चुप थी। आज एक साल बाद तक भी कांग्रेस उस पर चुप है। क्या राहुल गांधी दिल्ली की वोट चोरी के विषय में बात करेंगे या उससे बचेंगे? यदि बचते हैं तो उनका पूरा का पूरा नैरेटिव उनकी अपनी पार्टी के लिए है ये देश के लिए नहीं।

# नेपाल में जल्द फिर से चला करेंगे 100 से ऊपर के भारतीय नोट, अभी डॉलर और रुपये को लेकर ये हैं नियम

नई दिल्ली।

नेपाल करीब एक दशक बाद 100 रुपए से ऊपर के भारतीय नोटों को चलन में लाने की योजना बना रहा है। यह जानकारी एक नेपाली अखबार द्वारा प्रकाशित की गई एक रिपोर्ट में दी गई। इस हिमालयी पड़ोसी देश में करीब 10 साल से उच्च मूल्य के भारतीय नोटों पर प्रतिबंध लगा है। द काठमांडू पोस्ट में नेपाली अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि इस कदम से भारत यात्रा करने वाले नेपाली प्रवासी श्रमिकों के साथ-साथ दोनों देशों के छात्रों, तीर्थयात्रियों, चिकित्सा आगंतुकों और पर्यटकों की मुद्रा संबंधी समस्याओं में काफी राहत मिलेगी। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने कहा, इसको लेकर हम नेपाल गजट में अधिसूचना प्रकाशित करने की तैयारी में हैं। उसके बाद नए नियम के बारे में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को सर्कुलर जारी करेंगे। पौडेल ने कहा कि इस नए नियम की आधिकारिक तारीख अभी तय नहीं की गई है, लेकिन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। नेपाल में लंबे समय से उच्च मूल्य के भारतीय नोटों पर



प्रतिबंध हटाने की मांग उठ रही थी, क्योंकि इससे पर्यटन उद्योग, खासकर हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र को नुकसान हो रहा था। भारतीय पर्यटक बिना जानें नियमों का उल्लंघन कर रहे थे, जिसके चलते कई बार गिरफ्तारी और जुर्माने का भी सामना करना पड़ता था। यह बदलाव भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन (निर्यात और आयात मुद्रा) नियमों में 28 नवंबर, 2025 को किए गए संशोधन के बाद आया है, जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति नेपाल में 100 रुपए तक के किसी भी मूल्य के भारतीय नोट लेकर जा सकता है और वापस ला सकता है। साथ ही वह 100 रुपए से अधिक मूल्य के 25,000 रुपए तक के नोट दोनों दिशाओं में ले जा सकता है। अभी, नेपाल आने वाले टूरिस्ट, जिनमें भारतीय भी शामिल हैं, बिना बताए 5,000 डॉलर या दूसरी बदली जा सकने वाली करेंसी में इसके बराबर की रकम ला सकते हैं। इससे अधिक रकम होने पर कस्टम्स में बतानी होगी, और टूरिस्ट 5,000 डॉलर से यादा रकम बाहर नहीं ले जा सकते। फिलहाल, भारत नेपाल के लिए टूरिस्ट का सबसे बड़ा सोर्स बना हुआ है।

## संसदीय समिति ने भूमिगत कोयला खनन परियोजनाओं के लिए मंजूरी प्रक्रिया आसान करने की सिफारिश की



नई दिल्ली। एक संसदीय समिति ने भूमिगत कोयला खनन की अनुमति के लिए नीति को सरल बनाने और मानकीकृत प्रोटोकॉल अपनाने का सुझाव दिया है। समिति का कहना है कि बड़ी खुली कोयला खदानों जैसी जटिल मंजूरी प्रक्रिया लागू किए जाने से कम पर्यावरणीय प्रभाव वाली परियोजनाओं में भी देरी होती है। सरकार ने 2030 तक भूमिगत कोयला खदानों से 10 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। कोयला, खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भूमिगत कोयला खनन से सतह पर होने वाला व्यवधान न्यूनतम रहता है, जिससे भूमि, वन और बुनियादी ढांचे का संरक्षण होता है। इसके साथ ही भूमि पुनर्वास की लागत और अप्रत्यक्ष ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी आती है। यह पद्धति उच्च गुणवत्ता वाले गहरे कोयला भंडार तक पहुंच की अनुमति देती है और मौसम की परवाह किए बिना पूरे वर्ष संचालन सुनिश्चित करती है। रिपोर्ट में कहा गया, कम पर्यावरणीय प्रभाव के बावजूद, कई भूमिगत परियोजनाओं को बड़ी खुली कोयला खदानों जैसी ही मंजूरी और दस्तावेजी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिससे परियोजनाओं में देरी होती है। इसलिए समिति ने भारत में भूमिगत कोयला खनन प्रथाओं के लिए नीति को सरल बनाने और मानकीकृत प्रोटोकॉल की आवश्यकता पर जोर दिया है। इसके अलावा, समिति ने खुले में खनन के लिए भी एकल-खिड़की मंजूरी प्रणाली के तहत मानक संदर्भ शर्तें (टीओआर) और मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) लागू करने की सिफारिश की है।

## भारत टैक्स पारदर्शिता में मजबूत अगुवा : विदेशी टैक्स चोरी पर 29 हजार करोड़ का हुआ खुलासा, ओईसीडी ने की सराहना

नई दिल्ली। भारत ने विदेशी टैक्स चोरी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस बात का दावा वैश्विक आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के एक शीर्ष अधिकारी ने की। उन्होंने कहा कि भारत विदेशी टैक्स चोरी (ऑफशोर टैक्स एवेजन) के खिलाफ पारदर्शिता लागू करने में दुनिया के मजबूत देशों में शामिल है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत की पारदर्शी टैक्स नीतियों और आयकर विभाग के हालिया अभियान से 29 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की अघोषित विदेशी संपत्तियों का खुलासा हुआ है।

यह भारत की मजबूत वैश्विक भूमिका और सख्त टैक्स व्यवस्था को दर्शाता है। समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक सक्षात्कार में ओईसीडी की टैक्स पारदर्शिता और सूचना आदान-प्रदान से जुड़े ग्लोबल फोरम की सचिवालय प्रमुख जायदा मैनाटा ने यह बात कही। वह हाल ही में 2 से 4 दिसंबर के बीच नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल फोरम की वार्षिक बैठक में शामिल होने भारत



आई थीं। बता दें कि इस फोरम के 172 देश सदस्य हैं। विदेशी टैक्स चोरी के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बड़ी कामयाबी हासिल करने के लिए भारत की तारिफ क्यों हुई? इस बात ऐसे समझा जा सकता है, क्योंकि मैनाटा ने कहा कि भारत 2009 से ही टैक्स पारदर्शिता के लिए ग्लोबल फोरम के काम में सक्रिय सहयोग दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्स पारदर्शिता का मजबूत समर्थक है और ऑफशोर टैक्स चोरी के खिलाफ लगातार काम कर रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि नई दिल्ली में 2025 की ग्लोबल फोरम बैठक की मेजबानी करना भी भारत की इसी प्रतिबद्धता को दिखाता है। ओईसीडी अधिकारी ने आगे बताया कि भारत ने ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इंफॉर्मेशन (एईओआई) और कॉमन रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड (सीआरएस) को लागू करने के लिए जरूरी कानूनी ढांचा तैयार कर लिया है और इसका सही तरीके से पालन भी कर रहा है। इस व्यवस्था के तहत अलग-अलग देशों की टैक्स एजेंसियां एक-दूसरे के साथ विदेशी बैंक खातों और संपत्तियों की जानकारी साझा करती हैं, ताकि टैक्स चोरी रोकी जा सके। इसके साथ ही मैनाटा ने भारत सरकार के एनयूडीजीई (नॉन-इंट्रूसिव यूज ऑफ डेटा टू गाइड एंड एनेबल) कार्यक्रम की खास तौर पर तारीफ की। उन्होंने बताया कि इस अभियान से विदेशी संपत्ति बताने वाले करदाताओं की संख्या में 45.17व की बढ़ोतरी हुई। साथ ही लगभग 29,200 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विदेशी संपत्तियां घोषित की गई और 1,089 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विदेशी आय भी सामने आई। गौरतलब है कि यह अभियान आयकर विभाग और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने नवंबर 2024 में शुरू किया था। इसका उद्देश्य उन करदाताओं को सचेत करना था, जिनकी विदेशी संपत्तियों की जानकारी दूसरे देशों से भारत को मिली थी, लेकिन उन्होंने उसे अपने आयकर रिटर्न में नहीं दिखाया था। इस अभियान के तहत करीब 24,678 करदाताओं ने अपने रिटर्न दोबारा देखे और विदेशी संपत्तियों व आय का खुलासा किया। सीबीडीटी ने ऐसा ही दूसरा अभियान आकलन वर्ष 2025-26 के लिए भी शुरू कर दिया है।

## इंडिगो के खिलाफ क्लास एक्शन की तैयारी? विमानन विशेषज्ञ का दावा- सैकड़ों लोग करेंगे मुकदमा




नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइंस इन दिनों देश में प्रमुख तौर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अधिकरत लोग इंडिगो को लेकर खूब सारी बातचीत भी कर रहे हैं। इंडिगो एयरलाइंस से जुड़े हालिया संकट के बाद भले ही कंपनी की स्थिति अब सामान्य हो गई हो, लेकिन इससे प्रभावित यात्रियों की परेशानियां अभी खत्म नहीं हुई हैं। ऐसे में अब सैकड़ों लोग एक साथ एयरलाइंस के खिलाफ क्लाश एक्शन यानी मुकदमा करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बात का दावा विमानन विशेषज्ञ संजय लाजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से किया है। लाजर ने पोस्ट में बताया कि बड़ी संख्या में यात्री अब भी मदद के लिए उनसे संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि यह जानकारी वह जनहित में साझा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंडिगो संकट से प्रभावित 829 यात्रियों का एक समूह बन चुका है, जो अब मुआवजे की मांग को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहा है। अपनी पोस्ट में विमान विशेषज्ञ संजय लाजर ने इंडिगो संकट के दौरान प्रभावित लोगों से एक ग्रुप में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि, जिन यात्रियों की उड़ानें रद्द हुई, जो हवाई अड्डों पर फंसे रहे या किसी भी तरह से इस अव्यवस्था से प्रभावित हुए, वे इस समूह से जुड़ सकते हैं। लाजर ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रुप में जुड़ने के लिए यात्रियों को एक ईमेल भेजना होगा या दिए गए गूगल फॉर्म को भरना होगा, ताकि वे सामूहिक रूप से कानूनी कारंवाई कर सकें। संजय लाजर ने यह भी कहा कि यदि किसी को इस प्रक्रिया से जुड़ा कोई सवाल है, तो वे सोशल मीडिया पोस्ट के नीचे जवाब देकर अपनी शंका पूछ सकते हैं। गौरतलब है कि क्लास एक्शन एक तरह की कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें एक या यादा व्यक्ति अपने समान दावे के साथ एक समूह के रूप में एक ही मुकदमा दर्ज कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत आरोपित कंपनी पर कुप्रबंधन और धोखाधड़ी जैसे कृत्यों के के लिए सामूहिक मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है। सर्वे के मुताबिक अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस, साउथवेस्ट एयरलाइंस और अमेरिकन एयरलाइंस पर इस तरह के मुकदमे किए गए थे। क्लास एक्शन का मकसद न्याय की प्रक्रिया को सरल और अधिक प्रभावी बनाना है, जिससे समान मामलों में एक ही निर्णय लिया जा सके और न्यायालयों पर बोझ कम हो।

## आईएटीए : जीपीएस हस्तक्षेप की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय, वैश्विक एयरलाइंस समूह ने पायलटों को दी सतर्क रहने की सलाह

जिनेवा/नई दिल्ली।

वैश्विक एयरलाइंस संगठन इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) ने कहा कि उड़ानों के दौरान जीपीएस प्रणाली को बाधित करने घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो चिंता का विषय है और पायलटों को पहले से यादा सतर्क रहने की जरूरत है। आईएटीए दुनिया की करीब 360 एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है, जो वैश्विक हवाई यातायात का 80 हिस्सा से यादा हिस्सा संभालती हैं। एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट भी इस संगठन का हिस्सा हैं।

हाल के समय में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बंगलूरू और चेन्नई हवाई अड्डे पर भी जीपीएस स्पूफिंग (गलत सिग्नल भेजकर भ्रमित करना) और इंटरफेरेंस (बाधा डालना) की घटनाएं सामने आई हैं। इस हफ्ते जिनेवा में हुई बातचीत के दौरान आईएटीए के अधिकारियों ने कहा कि जीपीएस प्रणाली में बाधा डालने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि गलत सिग्नल



भेजकर भ्रमित करने और बाधा पहुंचाने की घटनाओं के कारण पालयटों को ऑपरेशन के दौरान यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह समस्या अब पूरी दुनिया में मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय विमानन संगठन (आईसीएओ) जीएनएसएस (वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली) की स्पूफिंग को अंतरराष्ट्रीय रेडियो फ्रीक्वेंसी इंटरफेरेंस का एक रूप मानता है। आईएटीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (संचालन और सुरक्षा) निक कैरिन ने कहा कि शुरुआत में ऐसी घटनाएं पश्चिम एशिया में देखी गई थीं और रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यह पूर्वी यूरोप में भी बढ़ीं। उन्होंने कहा, अब भारत, एशिया और वेनेजुएला में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। आईएटीए के आंकड़ों के अनुसार, प्रति 1,000 उड़ानों पर जीपीएस सिग्नल खोने की दर 2022 में 31 थी, जो 2025 में बढ़कर 59 होने का अनुमान है। ये आंकड़े फ्लाइट डेटा एक्सचेंज (एफडीएक्स) से लिए गए हैं, जो वैश्विक विमानन डाटा प्रबंधन कार्यक्रम का हिस्सा है और इसमें कई एयरलाइंस अपना डाटा साझा करती हैं। 2024 में यह दर 56 थी, जिससे लगातार बढ़ोतरी का रुझान दिखता है। निक कैरिन ने कहा कि यह बढ़ोतरी गंभीर और चिंताजनक है और इससे साफ होता है कि जीपीएस प्रणाली में बाधा डालने की घटनाएं केवल उड़ानों की संख्या बढ़ने के कारण नहीं हो रही हैं।

